





डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 34 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 16 नवम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया


## टोल मांगा तो बूथकर्मी को पीटा, मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 15 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बही टोल टेक्स पर टोल बूथकर्मी के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। सोनी निवासी मनोहरसिंह ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि रात्रि पौने दस बजे करीब कार (एमपी 13 जेडजे 8011) आई इसमें सवार व्यक्ति ने टोल देने से मना कर दिया और बोला कि अगर टोल चलाना है तो दस हजार रुपए महिना देना पड़ेंगे, और कार में सवार व्यक्ति ने मेरे साथ मारपीट की, बीच बचाव करने आए टोल इंचार्ज भूपेन्द्रसिंह को भी पीटा, जिससे हाथ व गले पर चोंट आई। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम उदयसिंह पिता भोपालसिंह राणा सिंदपन वाला बताते हुए धमकी दी कि टोल मांगा तो जान से मार दूंगा।









**कार्तिक पूनम** – शुक्रवार को देव दीपावली अर्थात कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्री पशुपतिनाथ मंदिर में श्रृद्धालुओ की भीड़ रही। इस दौरान दीपदान के लिए घाट पर भीड़ लगी रही। इधर मेले में भी कुछ झूले –चकरी ही आकार ले पाए। अभी कई झूले-चकरी और लगना बाकी है। मेले में कई दुकानें तो अभी तक लगी ही नहीं हैं। मेला परिसर में व्यापारियों का सामान बिखरा पड़ा है। लेकिन, फिर भी कार्तिक पूनम पर मेले में जिन दुकानदारो ने अपनी दुकाने लगा ली, वहां लोगो की भीड़ लगी रही।

# शिवना में दीपदान कर मांगी सुख-समृद्धि

## शुक्रवार को पहली बार दिखी पशुपतिनाथ मेले में रंगत, श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा

**मंदसौर, 15 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर शिवना तट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को सुबह से देर शाम तक श्रृद्धालुओ का सैलाब उमड़ता रहा। मेला प्रांरभ हुए चार दिन बीत चुके है। किन्तु शुक्रवार को पहली बार इस क्षेत्र में भीड़ देखी गई। उल्लेखनीय है कि कार्तिक माह में व्रत करने वाली बालिकाओं और महिलाओं ने व्रत के समापन पर शिवना नदी में दीपों से सजाकर टाटियों को प्रवाहित किया। शिवना में दीपदान कर सभी ने अपने परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। कार्तिक पूर्णिमा पर टाटियां प्रवाहित करने के लिये बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं के पहुचंने से पशुपतिनाथजी के मेले में भी रंगत आ गई। मेले में पहुंचे लोगों ने जमकर आनंद लिया। झूले, खेल-तमाशे और मेले की दुकानों में कार्तिक पूर्णिमा पर अच्छा व्यवसाय हुआ। वहीं भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में भी सुबह से रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

कार्तिक पूर्णिमा पर शुक्रवार को श्री पशुपतिनाथ महादेव मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कार्तिक पूर्णिमा से मेले की रंगत भी बढ गई। हजारों लोगों के पहुंचने से व्यवसायी भी खुश हुए। शिवना नदी घाट से लेकर मेला परिक्षेत्र में नपा के कर्मचारी एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिये पुलिस प्रशासन के अधिकारी तैनात रहे। कार्तिक पूर्णिमा पर शुक्रवार को आसपास के जिलो सहित ग्रामीण क्षेत्रों से सुबह से शाम तक श्रद्धालु पहुंचे। कार्तिक माह में व्रत करने वाली बालिकाओं व महिलाओं ने भगवान श्री पशुपतिनाथजी के दर्शन कर शिवना नदी के तट पर टाटी में दीपक रखकर नदी में प्रवाहित कर सुख समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही सुबह से शाम तक भगवान श्री पशुपतिनाथजी के दर्शन के लिये भक्तों की भीड़ लगी रही। ग्रामीण क्षेत्र से श्रद्धालुओ के पहुंचने के कारण पूर्णिमा पर मेले में रंगत जम गई। लोगों ने झूले-चकरी का आनंद उठाया। मेले में लगी दुकानों से जमकर खरीददारी की। सुबह से शुरू हुआ दीपदान का सिलसिला रात तक चलता रहा। शाम को टाटियों में रखे दीपकों से शिवना का आंचल भी झिलमिला उठा।

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेले में भी रंगत जम गई। सुबह से शाम तक बाहर से आए श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की। झूले चकरी सहित सभी दुकानों पर भीड़ रही। देवउठनी एकादशी से आरंभ हुआ मेला इस साल भी कोरोना के डर के कारण मेले की तैयारियों में देरी हुई। व्यवसाईयों के अनुसार पूर्णिमा से ही मेले में रंगत बढ़ती है। ग्रामीण अंचलों की ग्राहकी पूर्णिमा पर ज्यादा रहती है।


### तैनात रहे नपा व पुलिस कर्मी...

कार्तिक पूर्णिमा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने के पूर्वानुमान से ही नपा और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां की। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये लगभग 50 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी के साथ ही नपा के भी 50 से अधिक कर्मचारी शिवना तट व आसपास तैनात रहे। होमगार्ड के गोताखोर भी तैनात रहे। शुक्रवार को सुबह से ही मंदसौर शहर के साथ ही नीमच, रतलाम, जावरा, प्रतापगढ़, भानपुरा, गरोठ, शामगढ़, नाहरगढ़ सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने के साथ ही शिवना में दीपदान किया।

# ड्रग विभाग...नाम तो सुना होगा..!

## मेडिकल स्टोर्स को अभयदान, कायदे कानून ताक पर, नहीं होती जांच पड़ताल

**मंदसौर, 15 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में पुलिस विभाग, खाद्य एवं औषधि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खनिज विभाग, आबकारी विभाग जैसे कई सरकारी विभागों का नाम सुना होगा, लेकिन ड्रग विभाग एक नया नाम होगा। इसका कारण है कि ड्रग विभाग के अधिकारी कार्यालय से बाहर निकलते ही नहीं। मेडिकल स्टोर्स पर जांच कर कार्रवाई का अधिकार जरुर उनके पास है। लेकिन, सालों से किसी मेडिकल स्टोर्स पर अधिकारी नहीं गए। शहर और विशेषकर तहसील नियमों को ताक पर रखकर मेड्किल स्टोर्स संचालित हो रहे हैं।



शहर सहित जिले के अधिकांश मेडिकल स्टोर बगैर फार्मासिस्ट के ही संचालित किए जा रहे हैं। कई मेडिकल स्टोर तो ऐसे हैं, जिन्होंने अपने यहां फार्मासिस्ट की नियुक्ति तो दिखा रखी है, लेकिन वह कभी मौजूद नहीं मिलते हैं। इस प्रकार कई मेडिकल स्टोर पर अप्रशिक्षित लोग ही दवाएं देते हैं। ऐसे में डाटर के द्वारा पर्चे पर लिखित दवा मरीज को सही दवा नहीं मिल पाती। वही कई ऐसे हैं, जिन्होंने मेडिकल स्टोर को ही अपना क्लीनिक बना रखा है। ऐसे मेडिकल स्टोर मरीज की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बिना फार्मासिस्ट के ही मेडिकल स्टोर संचालन की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को लंबे समय से है, फिर भी सब जानते हुए भी उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं।

शहर सहित ग्रामीण इलाके में दर्जनो मेडिकल स्टोर्स हैं। कहने को तो मेडिकल स्टोर्स के संचालन के लिए डिग्री, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट के आधार पर लाइसेंस जारी किए जाते हैं। लेकिन, हकीकत इससे परे है। शहर के कुछ मेडिकल व्यवसायी नियमों को ताक में रखते हुए मेडिकल दुकानों का संचालन कर रहे हैं। बिना फार्मासिस्ट व जरुरी दस्तावेज के मेडिकल दुकान का व्यवसाय किया जा रहा है। मेडिकल की आड़ में यहां अवैध रूप से लोगों का इलाज किया जा रहा है। वही कई मेडिकलों में अपात्र व्यक्तियों को मेडिकल दुकान संभालने की जिम्मेदारी दे दी गई है, जिसे दवाइयों की जानकारी तक नहीं रहती है। इन मेडिकल स्टोर्स के खिलाफ न तो ड्रग इंस्पेक्टर कोई कार्रवाई करते हैं और ना ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

### दूसरे के नाम के सर्टिफिकेट का उपयोग...

जिले के कुछ मेडिकल स्टोर दूसरे के नाम के सर्टिफिकेट द्वारा जारी लाइसेंस से संचालित हो रहे हैं। मासिक या सालाना के आधार पर लाइसेंस के लिए लेन-देन होता है। सूत्रों के अनुसार पांच से दस हजार रुपए महीने में लाइसेंस उपलब्ध हो जाता है।

### कच्चे बिल पर देते हैं लोगों को दवाएं...

अधिकांश मेडिकल स्टोर्स संचालक दवाएं देने पर ग्राहकों को उसका बिल नहीं देते हैं। मेडिकल स्टोर में दवाईयां भी विक्रेता का मुंह देखकर दी जाती है। कई बार ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों को कंपनी की दवाओं को छोड़कर उसी फार्मूले की लोकल दवाइयां थमा दी जाती है। इससे मेडिकल संचालकों को अच्छी बचत होती है। सूत्रों की माने तो बिल देने के एवज में मेडिकल संचालकों को दवा कंपनी भी उल्लेखित करना पड़ती है। इसी वजह से बिल देने से बचते नजर आते हैं।



**गुरु पूरब**– श्री गुरु नानक जयंति गुरु पूरब के अवसर पर सिक्ख समाज द्वारा गुरुद्वारा में कीर्तन का आयोजन किया गया।

## ठंड में आई तेजी, दिसबंर के अंत में रहेगी कोल्ड वेब

**मंदसौर, 15 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। शहर सहित अंचल में हवाओं के रुख से ठंडी बढ़ गई है। रात के तापमान में 1 डिग्री तक की गिरावट आई है। जबकि, दिन के तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। आने वाले दिनों ने सुबह-शाम धुंध रहेगी। जिले में अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री के आसपास बना हुआ है।**

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि उत्तर-पूर्वी हवाओं का असर कम हो रहा है। इस वजह से ठंड बढ़ी है। 20 नवंबर तक ऐसा ही मौसम रहेगा। डॉ. सिंह ने बताया कि हवा का रुख जब उत्तर-पश्चिमी हो जाएगा और पहाड़ों पर बर्फबारी होगी, तब तापमान में और गिरावट होगी। आने वाले दिनों में ठंड बढ़ेगी। हालांकि, नवंबर में पारा सामान्य से ज्यादा नीचे नहीं जाएगा। दिसंबर से कड़ाके की ठंड पड़ने लगेगी। आखिरी सप्ताह में कोल्ड वेव भी चलेगी।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम-उत्तर भारत के ऊपर जेट स्ट्रीम हवाएं चल रही हैं। वहीं, दक्षिणी हिस्से में दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम एक्टिव हैं। जेट स्ट्रीम का असर मध्यप्रदेश में देखने को नहीं मिलेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जब जेट स्ट्रीम हवाओं की रफ्तार तेज रहती है तो वह प्रदेश के मौसम को प्रभावित करती हैं। लेकिन अभी.. **शेष पेज 4 पर**

# खुद की जमीन पर घर बनाने पर सरकार देगी ढाई लाख रुपए की सब्सिडी

**भोपाल, 15 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। शहरों को झुग्गी मुक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 लागू की है। अन्य योजनाओं को मिलाकर इसमें काम होगा। इसके लिए मध्य प्रदेश सरकार अफोर्डेबल हाउसिंग पालिसी तैयार कर लागू करेगी। इस नीति के तहत मकान बनाने के लिए सस्ती दर पर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। योजना में पंजीकृत आवासों के लिए एक प्रतिशत से कम स्टांप शुल्क लिया जाएगा।**

ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइटस (टीडीआर) सुविधा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और निम्न आय वर्ग के लिए निर्मित क्षेत्र में परियोजना के समग्र फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) में शामिल नहीं किया जाएगा।

### 31 दिसंबर तक का है समय...

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि योजना को लागू करने के लिए 31 दिसंबर, 2024 से पहले प्रदेश को केंद्र सरकार को सहमति प्रेषित करनी होगी। साथ ही अन्य सुधार 30 जून 2025 तक पूर्ण कर लागू करने होंगे। 12 नवंबर को मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में बताया गया कि प्रदेश सरकार योजना पर सहमति भेज रही है। लक्ष्य यह रखा गया है कि पांच वर्ष में इस योजना के माध्यम से प्रदेश में दस लाख आवास निर्मित किए जाएं।

### जारी रहेगी ढाई लाख की सब्सिडी...

स्वयं की भूमि पर आवास निर्माण के लिए ढाई लाख रुपये का जो अनुदान दिया जा रहा है, वह जारी रखा जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के क्रियान्वयन में मध्य प्रदेश वर्ष 2015 से वर्ष 2023 तक पहले या दूसरे स्थान पर रहता आया है। अभी तक इसमें साढ़े नौ लाख हितग्राहियों को लाभ मिल चुका है। अब शहरों को झुग्गी मुक्त करने और आवास की आवश्यकता की पूर्ति के लिए तीन स्तर पर एक साथ काम होगा। इसमें प्रधानमंत्री आवास शहरी के तहत पंजीकृत आवासों (60 वर्गमीटर तक) के लिए एक प्रतिशत या उससे भी कम स्टांप या पंजीकरण शुल्क लिया जाएगा। आवास निर्माण के लिए ऐसे हितग्राही जिनके पास भूमि नहीं है, उन्हें सस्ती दर पर पट्टे दिए जाएंगे।

### इन्हें मिलेगी योजना में प्राथमिकता...

प्रधानमंत्री आवास योजना में उन व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके पास कहीं भी पक्का आवास नहीं है। नौ लाख रुपये तक की वार्षिक आय और राज्य व केंद्र सरकार की किसी भी आवास योजना में लाभ ले चुके व्यक्ति योजना के लिए अपात्र होंगे।

कल्याणी (विधवा), दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, ट्रांसजेंडर, अनुसूचित जाति-जनजाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग, सफाई कर्मी, पथ विक्रेता, पीएम विश्वकर्मा योजना के कारीगर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, निर्माण श्रमिक, मलिन बस्तियों में रहने वाले परिवारों को प्राथमिकता मिलेगी। ऐसे व्यक्ति, जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक हो और उनके पास स्वयं का भूखंड हो उन्हें मकान बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के माध्यम से ढाई लाख रुपये की मदद की जाएगी। यह राशि तीन किस्तों में देय होगी। इसी तरह सरकारी या निजी एजेंसी की परियोजना में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 30 से 45 वर्ग मीटर का फ्लैट दिलाया जाएगा। इसके लिए भी ढाई लाख रुपये तक की सहायता केंद्र और राज्य सरकार मिलकर देगी।

# चुनावों की गतिविधियां नतीजे के बाद राजनीतिक तूफान आने का कर रही इशारा...

**मंदसौर/उज्जैन, 15 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** हरियाणा, जम्मू-कश्मीर के चुनाव हो चुके हैं और झारखंड-महाराष्ट्र के चल रहे हैं। इन चुनावों में जिस तरह से राजनीतिक दलों ने चुनाव लड़ा और चुनाव आयोग ने लड़ाया, चुनाव प्रचार में जिस तरह से एक दूसरे को पछाड़ने के लिए कई हथकंडे अपनाए गए। अच्छे या बहुत खराब, चुनाव नियमों को ताक पर रख कर। ऐसे अनेकों प्रसंग सतह पर सार्वजनिक होकर गुजर गए और गुजर रहे हैं। कुछ की राजनीतिक दलों ने आपस में शिकायतें भी आयोग से की। कितनी शिकायतों को नजरअंदाज किया गया, कितनो पर दिखावा तो कितनो पर नियमानुसार कार्रवाई।

यह दृश्य हो चुके हरियाणा और जम्मू कश्मीर चुनाव में देखे गए थे और महाराष्ट्र, झारखंड चुनाव में भी देखने को मिल रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम में चुनाव आयोग सरकारी एजेंसी रही। बाकी राजनीतिक दल के चुनावी प्रत्याशी और कार्यकर्ता थे। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की हैसियत से मैदान में है तो कांग्रेस सब क्षेत्रीय दलो से मिलकर इंडिया सबसे मजबूत विरोधी दल बन मैदान में है।



चन्द्रमोहन भगत

हमारा इशारा जिन गतिविधियों की ओर है, उसमें चुनाव आयोग के उस रोल का, जिसमें भाजपा की छोटी शिकायतो पर बड़ी और गंभीर स्तर की कार्रवाई को अंजाम देने वाले दृश्य थे। इसके उलट विपक्षी दलों की शिकायत गंभीर स्तर की रही तब कार्रवाई समझाईश जैसी की जाती रही थी। नतीजे पर हम सवाल ही नहीं उठा रहे हैं कि ईवीएम मशीन की गड़बड़ी या मानव कार्यकर्ताओं की। जब नतीजे आए तब जम्मू-कश्मीर के नतीजे पर तो उनके अपने राज्य में भी चर्चा नहीं हुई। जबकि, हरियाणा के नतीजे ने राजनेताओं से लेकर राजनीतिक पत्रकारों, समीक्षकों को हैरान परेशान कर दिया था। हरियाणा के दो पत्रकारों ने अपनी पैनल में स्वीकारा की आगे से कभी भी चुनाव की समीक्षाओं में पहले से जीत हार का दावा नहीं करेंगे।

महाराष्ट्र, झारखंड के चल रहे चुनाव में तो और अधिक गंभीर मुद्दे, गंभीर आरोप पक्ष और विपक्ष आपस में लगाते रहे हैं। उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर और उनके बैग तक खंगाले गए, जब सवाल उठे तो भाजपा के कुछ नेताओं को भी ऐसी जांच की जद में लिया गया। अमर्यादित भाषा के उपयोग को लेकर भी महायुती और महाआघाड़ी दलों के नेताओं ने एक दूसरे की शिकायतें की है। ऐसे ही प्रसंग झारखंड में भी घटित हुए हैं, हो भी रहे हैं। कार्यवाही का अधिकार एकमात्र एजेंसी चुनाव आयोग के पास है। यहां भी चुनाव आयोग किसी की शिकायत को गंभीरता से ले रहा है किसी की शिकायत को नजरअंदाज कर रहा है। जब मामले सतही और सार्वजनिक है, प्रश्न किया जाता है तो आयोग प्रमुख कहते हैं बड़े लोकतंत्र के चुनाव हैं, कुछ तो लोग कहेंगे। चुनाव आम नागरिक के प्रतिनिधियों का है। लड़ने वाले राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता पदाधिकारी हैं। सभी मतदाता पिछले 6 महीने से लगातार हो रहे चुनाव, उपचुनावों के कारण चुनावी मोड में ढले हुए हैं। राजनीतिक दलों के प्रचार के तरीके एक दूसरे पर लगे आरोप प्रत्यारोप और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी नजरे जमाए हुए हैं।

हर आम नागरिक अपने मत की कीमत जानता है और जैसे-जैसे साक्षरता बढ़ते जा रही है वैसे-वैसे आम नागरिक का ज्ञान और जिस विषय में ज्यादा रुचि रखता है, उसके प्रति उसका विजन भी साफ रहता है। इसलिए आम नागरिक कुछ कर भले ही ना पा रहा है पर नजरे जमाए वह देख रहा है कि कैसे चुनाव आयोग गंभीर शिकायतों को सामान्य मान नजरअंदाज कर रहा है और सामान्य शिकायत को गंभीर मान सख्त कार्रवाई कर रहा है। निष्पक्ष एजेंसी होने के बाद भी उसकी कार्रवाइयों में किए जा रहे पक्षपात को भी अभी देख रहा है। किन्तु, कुछ कर नहीं पा रहा है। जब-जब जन समूह किसी घटना दुर्घटना को घटते देख अगर सामान्य बना रहे तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि वातावरण में तूफान आने के संकेत नजर आ रहे हैं। यानी जो कुछ होगा चुनावी नतीजे के बाद नजर आएगा। तूफान किस स्तर का होगा, किस के पक्ष में किस के विरोध में, यह भी आगामी समय बताएगा।

